संख्या-32/2020/354/बावन-1-2020-36(एम.एस.डी.पी.)/16

प्रेषक,

रवि शंकर मिश्र,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
अल्पसंख्यक कल्याण, उत्तर प्रदेश,
इन्दिरा भवन, लखनऊ।

अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक 17 मार्च, 2020

विषय - अवर सचिव, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार की दिनांक 30.06.2016 को हुई इम्पावर्ड कमेटी की 112वीं बैठक में वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए मल्टी सेक्टोरल डेवलपमेण्ट प्रोग्राम के अन्तर्गत जनपद बाराबंकी के विकास खण्ड- पूरेडलई, मसौली, फतेहपुर एवं सिरौली गौसपुर में कुल 29 आंगनवाड़ी केन्द्रों के निर्माण के लिये केन्द्रांश की **द्वितीय किश्त** की धनराशि अवमुक्त करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवर सचिव, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या-एम.एम.डी.पी.-13/302/2017-एम.एस.डी.पी.-एम.ओ.एम.ए., दिनांक 27.09.2017 के क्रम में जारी शासनादेश संख्या–339/52-1-2018-36(एम.एम.डी.पी.)/16, दिनांक 22 मार्च, 2018 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से जनपद बारांबकी के उक्त विकास खण्डों में स्वीकृत कुल 29 आंगनवाड़ी केन्द्रों के भवन निर्माण हेतु रू0 7.50 लाख की दर से कुल रू0 217.50 लाख के सापेक्ष रू0 108.75 लाख **उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0, लखनऊ (यू0पी0आर0एन0एस0एस0)** को कार्यदायी संस्था नामित करते हुए केन्द्रांश की **प्रथम किश्त** की धनराशि अवमुक्त की गयी थी।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अवर सचिव, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या-13/302/2017-एम0एस0डी0पी0-एम0ओ0एम0ए0, दिनांक 11.02.2020 से जनपद बारांबकी के उक्त विकास खण्डों में निर्माणाधीन कुल 29 आंगनवाड़ी केन्द्रों के भवन निर्माण हेतु कुल अनुमोदित केन्द्रांश रू0 108.75 लाख के सापेक्ष द्वितीय किश्त के रूप में प्राप्त केन्द्रांश रू0 65.25 लाख एवं उसके सापेक्ष बनने वाला राज्यांश रू0 43.50 लाख अर्थात् कुल धनराशि रू0 108.75 लाख (एक करोड़ आठ लाख पचहत्तर लाख मात्र) योजना के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 में प्राविधानित बजट रू0 2000.00 लाख के सापेक्ष उपलब्ध बचत में से अवमुक्त कर आपके निवर्तन पर रखने व व्यय करने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं, जिसका विवरण निम्नवत है :-

http://shasanadesh.up.gov.in

			(केन्द्रांश-60, राज्यांश-40)						(रू0 लाख में)	
क्र0	जनपद	योजना	इकाई	इकाई लागत	कुल अनुमोदित केन्द्रांश	कुल राज्यांश	पूर्व में अवमुक्त **प्रथम किश्त** (के+रा0)	वर्तमान में अवमुक्त द्वितीय किश्त		वर्तमान में अवमुक्त कुल धनराशि (के0+रा0)
								केन्द्रांश	राज्यांश	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	बारांबकी	वि0ख0-पूरेडलई के टिकवामऊ में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण	01	7.50	4.50	3.00	3.75	2.25	1.50	3.75
2	तदैव	वि0ख0-पूरेडलई के खजुरी में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण	01	7.50	4.50	3.00	3.75	2.25	1.50	3.75
3	तदैव	वि0ख0-पूरेडलई के कस्बा इचौली में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण	01	7.50	4.50	3.00	3.75	2.25	1.50	3.75
4	तदैव	वि0ख0-पूरेडलई के मगौदा में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण	01	7.50	4.50	3.00	3.75	2.25	1.50	3.75
5	तदैव	वि0ख0-पूरेडलई के छिर्रा में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण	01	7.50	4.50	3.00	3.75	2.25	1.50	3.75
6	तदैव	वि0ख0-पूरेडलई के अलहामऊ में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण	01	7.50	4.50	3.00	3.75	2.25	1.50	3.75
7	तदैव	वि0ख0-पूरेडलई के सराय-बराय में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण	01	7.50	4.50	3.00	3.75	2.25	1.50	3.75
8	तदैव	वि0ख0-पूरेडलई के कुदा में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण	01	7.50	4.50	3.00	3.75	2.25	1.50	3.75
9	तदैव	वि0ख0-मसौली के मस्तानानगर मसौली, मस्तानानगर में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण	01	7.50	4.50	3.00	3.75	2.25	1.50	3.75
10	तदैव	वि0ख0-मसौली के नैनामऊ में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण	01	7.50	4.50	3.00	3.75	2.25	1.50	3.75
11	तदैव	वि0ख0-मसौली के दादरा में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण	01	7.50	4.50	3.00	3.75	2.25	1.50	3.75
12	तदैव	वि0ख0-मसौली के सदामऊ में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण	01	7.50	4.50	3.00	3.75	2.25	1.50	3.75
13	तदैव	वि0ख0-मसौली के अखा में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण	01	7.50	4.50	3.00	3.75	2.25	1.50	3.75
14	तदैव	वि0ख0-मसौली के भयारा में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण	01	7.50	4.50	3.00	3.75	2.25	1.50	3.75
15	तदैव	वि0ख0-फतेहपुर के शेखमपुर मखदम में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण	01	7.50	4.50	3.00	3.75	2.25	1.50	3.75
16	तदैव	वि0ख0-फतेहपुर के मदनपुर में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण	01	7.50	4.50	3.00	3.75	2.25	1.50	3.75
17	तदैव	वि0ख0-फतेहपुर के सिंघा में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण	01	7.50	4.50	3.00	3.75	2.25	1.50	3.75
18	तदैव	वि0ख0-फतेहपुर के कुवदनदा में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण	01	7.50	4.50	3.00	3.75	2.25	1.50	3.75
19	तदैव	वि0ख0-फतेहपुर के कटघरा में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण	01	7.50	4.50	3.00	3.75	2.25	1.50	3.75

http://shasanadesh.up.gov.in

20	तदैव	वि0ख0-फतेहपुर के शेखनपुर में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण	01	7.50	4.50	3.00	3.75	2.25	1.50	3.75
21	तदैव	वि0ख0-फतेहपुर के रहिलामऊ में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण	01	7.50	4.50	3.00	3.75	2.25	1.50	3.75
22	तदैव	वि0ख0-सिरौली गौसपुर के किठुरी में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण	01	7.50	4.50	3.00	3.75	2.25	1.50	3.75
23	तदैव	वि0ख0-सिरौली गौसपुर के कटका में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण	01	7.50	4.50	3.00	3.75	2.25	1.50	3.75
24	तदैव	वि0ख0-सिरौली गौसपुर के चौखण्डी में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण	01	7.50	4.50	3.00	3.75	2.25	1.50	3.75
25	तदैव	वि0ख0-सिरौली गौसपुर के अलीनगर में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण	01	7.50	4.50	3.00	3.75	2.25	1.50	3.75
26	तदैव	वि0ख0-सिरौली गौसपुर के मुश्काबाद में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण	01	7.50	4.50	3.00	3.75	2.25	1.50	3.75
27	तदैव	वि0ख0-सिरौली गौसपुर के मीरापुर में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण	01	7.50	4.50	3.00	3.75	2.25	1.50	3.75
28	तदैव	वि0ख0-सिरौली गौसपुर के बिरौली में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण	01	7.50	4.50	3.00	3.75	2.25	1.50	3.75
29	तदैव	वि0ख0-सिरौली गौसपुर के अकबरपुर में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण	01	7.50	4.50	3.00	3.75	2.25	1.50	3.75
		योग	**29**	**217.50**	**130.50**	**87.00**	**108.75**	**65.25**	**43.50**	**108.75**

3- अवमुक्त धनराशि का उपभोग निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन किया जायेगा:-

(1)- प्रश्नगत निर्माण कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व विस्तृत आगणन तैयार कर सक्षम स्तर की स्वीकृति प्राप्त करने के साथ-साथ वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-138 में वर्णित व्यवस्थानुसार प्रयोजन पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करने के पश्चात ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा तथा अवमुक्त धनराशि को किसी अन्य मद में व्यय नहीं किया जायेगा। बजट मैनुअल नियमों के अन्तर्गत शासन या अन्य अधिकारी की पूर्व स्वीकृति आवश्यक हो, प्राप्त करके ही व्यय किया जायेगा। धनराशि के व्यय में वित्तीय नियमों का पालन किया जायेगा तथा केन्द्र सरकार द्वारा इस वित्त पोषित योजना के सम्बन्ध में लगाई गयी शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(2)- अवमुक्त धनराशि निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा **कार्यदायी संस्था-उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0, लखनऊ** को हस्तान्तरित की जायेगी। कार्य को अनुमोदित लागत से निर्धारित समयावधि में गुणवत्ता एवं मानक के अनुसार पूर्ण किया जायेगा। यदि इस मद में कोई वृद्धि होती है तो अतिरिक्त धनराशि नहीं दी जायेगी एवं भविष्य में कोई भी पुनरीक्षित आंगणन किसी भी दशा में अनुमन्य नहीं होगा। निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 एवं कार्यदायी संस्था के मध्य इस आशय का एम0ओ0यू0(मेमोरेण्डम आफ अण्डर टेकिंग) भी हस्ताक्षरित किया जायेगा।

http://shasanadesh.up.gov.in

(3)- योजना की गाइड लाइन्स तथा शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों एवं सुसंगत शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए धनराशि का आहरण कार्य की वास्तविक आवश्यकतानुसार होगा। निर्माण कार्य में पायी गयी किसी तरह की अनियमितता के लिए कार्यदायी संस्था, उससे सम्बन्धित अधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उत्तरदायी होंगे।

(4)- निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि स्वीकृत किये जा रहे कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि प्राप्त नहीं की गयी है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित है। **प्रस्तावित कार्यों की द्विरावृत्ति नहीं हो रही है।**

(5)- यथावश्यक उत्तर प्रदेश भण्डार क्रय नियमावली के प्राविधानों का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाय। यदि कार्यदायी संस्था द्वारा शासकीय धन पर ब्याज अर्जित किया गया है तो उसे निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ राजकोष में जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।

(6)- कार्य की विशिष्टयॉं, मानक व गुणवत्ता की जिम्मेदारी निर्माणकारी संस्था की होगी तथा निर्माणकारी संस्था यह सुनिश्चित करेंगे कि कार्य निर्धारित समयावधि में ही पूर्ण हो जाय। निर्माण कार्यों के सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित शिड्यूल रेट एवं विशिष्टियों का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाय। प्रश्नगत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण का मानक व डिजाइन वही होगी जो केन्द्र/राज्य सरकार के बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा निर्धारित है।

(7)- परियोजना की लागत में टाइम ओवर रन/कास्ट ओवर रन न हो यह सुनिश्चित किया जायेगा। इस सम्बन्ध में शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देश एवं बजट मैनुअल के प्रस्तर-212 में दिये गये निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जायेगा कि कार्यों की गुणवत्ता उच्चकोटि की हो तथा समय-समय पर सम्पादित कराये जा रहे निर्माण कार्यों की मानीटरिंग की जायेगी।

(8)- **धनराशि आहरित कर बैंक आदि में नहीं रखी जायेगी।** उपरोक्त परियोजना हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि को सम्बन्धित मद में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष उपलब्ध बचत से मिलान करने के उपरान्त ही निदेशालय द्वारा निर्गत किया जायेगा।

(9)- **वित्त विभाग के शासनादेश दिनांक 22.03.2019 एवं 30.03.2018, 24.04.2018, 21.06.2017, 03.08.2017 एवं दिनांक 26.08.2014 के प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।**

(10)- **लेबर सेस की धनराशि नियमानुसार श्रम विभाग को भुगतान किया जायेगा।**

(11)- **कार्यदायी संस्था द्वारा अनुमोदित सीमा तक सेन्टेज चार्ज लिया जायेगा।**

(12)- कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण स्थल पर एक बोर्ड तैयार किया जायेगा, जिस पर योजना के स्वीकृत होने की तिथि, पूर्ण होने की तिथि, लागत, वित्त पोषण के स्रोत तथा लक्ष्य प्राप्त करने की तिथि आदि का अंकन किया जायेगा।

(13)- अवमुक्त धनराशि के उपभोग में मितव्ययितापूर्ण दृष्टिकोण अपनाते हुए वित्त विभाग के सुसंगत शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

http://shasanadesh.up.gov.in

(14)- अनुदान ग्राही द्वारा योजनान्तर्गत अवमुक्त की जा रही धनराशि का एक पृथक् खाता मेन्टेन किया जायेगा। अवमुक्त धनराशि पर यदि कार्यदायी संस्था द्वारा ब्याज अर्जित किया गया है तो उसकी वसूली निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा करके उसे राजकोष में जमा कराया जायेगा ।

(15)- अवमुक्त धनराशि के व्यय के उपरान्त जिलाधिकारी / मुख्य चिकित्सा अधिकारी से हस्ताक्षरित उपभोग प्रमाण-पत्र, त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट तथा निर्माण कार्य के फोटोग्राफ्स की सूची की दो-दो प्रतियां निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 को उपलब्ध करायी जायेंगी। तदोपरान्त निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित उपभोग प्रमाण-पत्र व उक्त अन्य अभिलेख शासन को उपलब्ध कराये जायेंगे।

(16)- प्रश्नगत निर्माण कार्य हेतु कार्यदायी संस्था को अवमुक्त की जाने वाली धनराशि को वित्त विभाग के शासनादेश दिनांक 22.03.2019 में उल्लिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धो के अधीन आवश्यक धनराशि कोषागार से आहरण कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करायी जाय तथा कार्यदायी संस्था द्वारा पूर्व में दी गयी धनराशि के 80 प्रतिशत का उपयोग करने के उपरान्त अगले दो माह के लिये पुन: आवश्यक धनराशि कोषागार से आहरित करके दी जाये।

(17)- उपरोक्त कार्य के सम्बन्ध में सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य कराया जायेगा। अवमुक्त धनराशि से कराये गये कार्यों की गुणवत्ता की पुष्टि जिलाधिकारी द्वारा कर लिया जायेगा तथा शासनादेश में निहित व्यवस्था के अनुसार थर्ड पार्टी का निरीक्षण भी सुनिश्चित कराया जाना जिलाधिकारी, कार्यदायी संस्था एवं सम्बन्धित विभाग का संयुक्त दायित्व होगा। यदि गुणवत्ता में किसी प्रकार की शिकायत आती है तो उसे शासन तथा निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण को सूचित किया जायेगा तथा प्रथम किश्त के कार्यों की गुणवत्ता रिपोर्ट जिलाधिकारी से प्राप्त करने का दायित्व अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय का होगा तथा गुणवत्ता से संतुष्ट होने के उपरान्त ही धनराशि निर्गत की जाय।

(18)- प्रश्नगत परियोजना की द्वितीय किश्त की धनराशि इस शर्त के साथ अवमुक्त कर दी जाय कि निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 द्वारा उक्त परियोजना की प्रथम किश्त की धनराशि का वित्तीय एवं भौतिक प्रगति रिपोर्ट, तकनीकी रिपोर्ट एवं सत्यापन आख्या/गुणवत्ता आदि अपने स्तर से सुनिश्चित करने एवं तत्सम्बन्धी सूचना शासन को उपलब्ध कराने के उपरान्त ही द्वितीय किश्त की धनराशि सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को आवंटित/निर्गत की जायेगी।

5- उक्त के फलस्वरूप होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-48 के **लेखा शीर्षक"4235-सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण पर पूँजीगत परिव्यय -02-समाज कल्याण-800-अन्य व्यय-01-केन्द्र प्रायोजित योजनायें-0104-अल्पसंख्यक बाहुल्य जनपदों में मल्टीसेक्टोरल डि़स्ट्रिक्ट प्लान के अन्तर्गत आंगनवाड़ी केन्द्रों की स्थापना (के0-60/रा0-40, के0+रा0)-24 वृहद निर्माण कार्य"** के नामें डाला जायेगा।

http://snasanadesh.up.gov.in

6- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-4-244/दस-2020, दिनांक 13.03.2020 में प्राप्त सहमति से जारी किया जा रहा है।

भवदीय,

(रवि शंकर मिश्र)
उप सचिव।

संख्या-354(1)/बावन-1-2020-तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

1- महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम एवं द्वितीय उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- बजट अधिकारी, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
4- अवर सचिव, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार 11वां तल, पर्यावरण भवन, सी0जी0ओ0 काम्पलेक्स लोधी रोड, नई दिल्ली।
5- प्रमुख सचिव, महिला कल्याण, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया आंगनवाड़ी केन्द्रों के निर्माण हेतु स्थलों की सूची कार्यदायी संस्था को शीघ्र उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित को अपने स्तर से निर्देशित करने के साथ ही प्रश्नगत केन्द्रों का गुणवत्तापूर्ण निर्माण भी सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।
6- निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 लखनऊ।
7- जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी/जिला कार्यक्रम अधिकारी, बारांबकी को इस आशय से प्रेषित कि निर्मित होने वाले आंगनवाड़ी केन्द्रों के स्थलों की सूची कार्यदायी संस्था को उपलब्ध कराने के साथ ही समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निर्माण भी सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
8- निदेशक, **उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0, लखनऊ (यू0पी0आर0एन0एस0एस0)** को इस आशय से प्रेषित कि निर्मित होने वाले आंगनवाड़ी केन्द्रों के निर्माण कार्य गुणवत्तायुक्त एवं समयान्तर्गत पूर्ण करने का कष्ट करें।
9- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
10- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 को तीन स्वच्छ प्रति तथा वित्त-ई-4 को 01 प्रति।
11- लेखाधिकारी/वेब अधिकारी, निदेशालय, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि प्रश्नगत शासनादेश को अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
12- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(रवि शंकर मिश्र)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in